आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 04.11.2026 समयरू 18.30 पीएम

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले-ऊर्जा भण्डारण योजना, ग्रीन एनर्जी कोरिडोर फेज-3 को मंजूरी।
- यौन उत्पीडन और पोक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष फास्ट टे³क अदालतों की योजना को अगले पांच साल तक जारी रखने की स्वीकृति।
- राजस्थान पंचायतीराज चुनाव 2026 के तीसरे चरण में कल 27 जिलों की ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंचों के लिए वोट डाले जायेगें।
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश मे पिछले साढे तीन महीनों में 65 लाख से अधिक रूफ टाप सोलर पैनल लगाए गए।

000

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। केन्द्रीय सुचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में प्रेसवार्ता कर इन फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्लीन एनर्जी प्रोग्राम के तहत 92 गीगावॉट ऊर्जा भण्डारण योजना को मंजूरी दी गई है। श्री वैष्णव ने बताया कि इससे सौर ऊर्जा भण्डारण में मदद मिलेगी और ऊंर्जा आपूर्ति को अधिक स्थिर बनाया जा सकेगा।

श्री वैष्णव ने बताया कि डेटा आधारित कार्यक्रम के लिए 4 हजार 371 करोड़ रूपये की नई योजना मंजूर की गई है। कैबिनेट ने विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की केंद्र प्रायोजित योजना को पांच साल के लिए जारी रखने की स्वीकृति दी है। इसमें विशेष रूप से पॉक्सो मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई अदालतें भी शामिल है। ये योजना पहली अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक जारी रहेगी। इस पर तीन हजार 788 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 850 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें संचालित करने का प्रावधान है। श्री वैष्णव ने बताया कि इस योजना को जारी रखने से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में लंबित मामलों का जल्द निपटारा किया जा सकेगा।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अग्निवीरों के भविष्य को लेकर भी बड़ा फैसला किया है। इन्हें रक्षा बलों में समाहित करने की पहल की गई है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

सशस्त्र बलों में शामिल नहीं किए जाने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो वर्ष का अतिरिक्त कार्यकाल दिया जाएगा। दूसरे कार्यकाल के पूरा होने के बाद सभी 75 प्रतिशत अग्निवीरों को भारतीय सेना का हिस्सा बनने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूसरे कार्यकाल के दौरान अग्निवीरों को बढ़ा हुआ पारिश्रमिक मिलेगा।

000

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का कल जयपुर आने का कार्यक्रम है। वे भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ के तहत होने वाली पद यात्रा और जनसभा में हिस्सा लेगें। जयपुर सांसद और कार्यक्रम की संयोजक मंजू शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ और राष्ट्रीय महामंत्री सतीश पूनिया भी इसमें हिस्सा लेगें।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विकसित भारत-विकसित राजस्थान के विजन के अनुरूप प्रदेश के समग्र विकास की प्रतिबद्धता दोहराई है। मुख्यमंत्री ने आज अपने आवास पर आयोजित बैठक में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल की तीसरी वर्षगांठ, भारत 47 संघर्ष से समृद्धि तक थीम के साथ मनाई जाएगी। इसमें जयपुर में भव्य आयोजन के माध्यम से जनता से सरकार की नीतियां और उपलब्धियां साझा की जायेंगी। श्री शर्मा ने अधिकारियों को इस थीम पर विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

000

राजस्थान पंचायतीराज चुनाव-2026 के तीसरे चरण में कल 27 जिलों की ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंच पदों के लिए मतदान होगा। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले जायेगें। मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद वोटों की गिनती की जाएगी। इसके बाद कल ही नतीजे घोषित कर दिए जायेगें। इससे पहले आज नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गई। राज्य निर्वाचन आयोग, पुलिस और प्रशासन की ओर से चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिये गये हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। साथ ही मतदान केन्द्रों पर बुजुर्गों और दिव्यांगो की सहायता के लिए व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई गई है।

000

सिरोही जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर बीती रात एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मृत्यु हो गई। आबूरोड़ थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि दुर्घटना मावल कट के पास ट्रक और मोटरसाईकिल के बीच जोरदार टक्कर में हुई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार तीनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ये युवक आबूरोड़ से गुजरात के पालनपुर जा रहे थे।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने आज जयपुर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रवर्तन अधिकारी सोनू मौर्य को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के डी.जी. गोविन्द गुप्ता ने बताया कि आरोपी ने परिवादी की फर्म में काम करने वाले कर्मचारियों का पी.एफ. जमा नहीं करवाने के मामले में उसके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज नहीं करने के ऐवज में रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि मामले में अन्य व्यक्तियों की भूमिका को लेकर भी पूछताछ की जा रही है।

000

प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भीलवाड़ा में विभाग की टीम ने 250 किलो दूषित मावा नष्ट करवाया। सीएमएचओ डा. संजीव शर्मा ने बताया कि त्यौहारी सीजन में लोगों को गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां उपलब्ध हो सकें, इसके लिए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से लगातार मिठाइयों के नमूने लिये जा रहे हैं। उधर हनुमानगढ़ के रावतसर और गोलूवाला में खाद्य सुरक्षा दल ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डा. नवनीत शर्मा ने बताया कि करीब 1500 किलो मिलावटी गुड़ तथा 30 किलो काजू जब्त किये गये। इस बीच केन्द्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने आज जयपुर में 4 प्रतिष्ठानों की जांच कर करीब 3 हजार किलो खाद्य सामग्री जब्त की और 25 किलो अमानक खाद्य सामग्री नष्ट करवाई।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जबावदेही को लोकतंत्र की पहली शर्त बताया है। तिरूअंनन्तपुरम् में आयोजित लोक लेखा समितियों- पीएसी के राष्ट्रीय सम्मेलन समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए आज श्री बिरला ने वित्तीय अनुशासन और आडिट शुचिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विधायी प्रक्रियाओं में पारदर्शी वित्तीय प्रबन्धन आवश्यक है। इसी से जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकती है। लोकसभा अध्यक्ष ने देश के लोकतंत्र की परिपक्वता की सराहना करते हुए पीएसी के सदस्यों से कहा कि सार्वजनिक धन का सही उपयोग करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए।

000

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि पीएम सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना के तहत देश में रूफ टाप सौलर पैनल की संख्या पिछले 104 दिन में 65 लाख को पार कर गई है। नई दिल्ली में भारत नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन और प्रदर्शनी 2026 के एक सत्र में उन्होंने ये जानकारी दी। श्री जोशी ने कहा कि ये उपलब्धि स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में लोगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि इन 65 लाख में से 21 लाख से अधिक घरों का बिजली बिल शून्य आ रहा है। श्री जोशी ने ये भी साझा किया कि भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन स्थापित ऊर्जा क्षमता 310 गीगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें 172 गीगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता शामिल है।

000